# महादेव यात्रा : शिव बारात बनी आकर्षण का केंद्र

## रविवार को दिखा सोमवार सा नजारा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली किया संबोधित

**उज्जैन, 2 अगस्त. सावन के प्रथम रविवार को धर्मनगरी उज्जैन शिवमय हो गई. समाजसेवी महेश परियानी के नेतृत्व में लगातार चौथे वर्ष निकाली गई 84 महादेव यात्रा में पांच हजार से अधिक महिला श्रद्धालु शामिल हुईं. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल माध्यम से यात्रा को संबोधित करते हुए इसे आस्था और संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन बताया.**



यात्रा की शुरुआत नानाखेड़ा चौराहे पर बाबा महाकाल की पालकी के पूजन एवं आरती से हुई. महाकाल मंदिर की तर्ज पर तैयार की गई भव्य पालकी को सभी अतिथियों ने कंधा दिया. इसके बाद नानाखेड़ा से टावर चौक तक विशाल पैदल यात्रा निकाली गई, जहां मार्गभर महाकाल के जयकारे गूंजते रहे. श्रद्धालुओं का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया.टावर चौक पहुंचने पर महिला श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार कराया गया. इसके बाद बसों, मैजिक वाहनों और ई-रिक्शा के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं को 84 महादेव मंदिरों के दर्शन-पूजन के लिए रवाना किया गया. शाम को सभी यात्रियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई. यात्रा में कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा विशेष रूप से शामिल हुए. इस अवसर पर बालयोगी उमेशनाथ महाराज, नारायण यादव, वैभव यादव, अभय यादव, महावीरनाथ महाराज, शैलेषानंद महाराज, गिरीश गुरु महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, रवि सोलंकी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे. संयोजक वैभव यादव रहे. संचालन शैलेंद्र व्यास ने किया.

### चार वर्षों से निकल रही यात्रा

नवभारत से चर्चा में समाजसेवी महेश परियानी ने बताया कि सीएम डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से पिछले चार वर्षों से यह यात्रा निकाली जा रही है. हर वर्ष महिला श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है. उज्जैन ही नहीं, आसपास के जिलों और अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु 84 महादेव यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने आते हैं. यात्रा में शिव बारात भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें देव, दानव, यक्ष, गंधर्व और किन्नर की झांकियां शामिल थीं. डीजे, बैंड और डमरुओं की गूंज के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे और पूरा शहर जय महाकाल के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा.



# तेज हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट जारी

### 24 घंटों में मौसम रहा मिला जुला

### 40 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

नवभारत न्यूज़

**भोपाल, 2 अगस्त. मध्यप्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक रुक-रुक कर बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रहने की संभावना है. मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल ने प्रदेश भर में मौसम के मिजाज को देखते हुए अलर्ट जारी किया है.**

वैज्ञानिकों के मुताबिक राजस्थान और आसपास बने चक्रवाती सिस्टम के असर से हवा में नमी बनी हुई है, जिससे मालवा, निमाड़ और मध्य भारत के जिलों में तेज आंधी के साथ बौछारें पड़ने के आसार जताए गए हैं. आम लोगों को आकाशीय बिजली और तेज हवाओं से सावधान रहने की हिदायत दी गई है.

राजधानी भोपाल और इसके आसपास के इलाकों में बीते 24 घंटों में मौसम मिला-जुला बना रहा. शहर का अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम था. न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य के बराबर दर्ज हुआ. इस दौरान शहर के कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले 24 घंटों में भोपाल में बादल छाए रहेंगे और गरज-चमक के साथ बारिश होने की पूरी संभावना है. इस दौरान शहर में 12 से 14 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं.

मौसम अधिकारियों के अनुसार प्रदेश के लगभग सभी प्रमुख जिलों में बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोकेदार हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है.

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग के जिलों में कहीं-कहीं मध्यम से तेज बारिश दर्ज हो सकती है. इसके अलावा रीवा, शहडोल, सागर और चंबल संभाग के इलाकों में भी मौसम खराब रहने और वज्रपात की आशंका जताई गई है. रीवा, सतना, सीधी, छतरपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट और बैतूल जैसे जिलों में प्रशासन ने लोगों से आंधी-तूफान के समय खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे शरण न लेने की अपील की है.

> बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश में सबसे अधिक तापमान खजुराहो में 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान खरगोन में 17.8 डिग्री सेल्सियस रहा. मुरैना, ग्वालियर और जबलपुर में 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं. मौसम केंद्र के अनुसार मानसून ट्रफ इस समय मध्य भारत से होकर गुजर रही है और चार अगस्त से एक नया पश्चिमी मौसमी तंत्र भी सक्रिय हो रहा है. इस वजह से पूरे प्रदेश में अगले 5 दिनों तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है और बारिश का यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है.

# कानपुर सेंट्रल-मदुरई के अतिरिक्त फेरे 5 से

## भोपाल मंडल होकर चलेगी ट्रेन, भोपाल और इटारसी सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर मिलेगा ठहराव

**भोपाल, 2 अगस्त. यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने कानपुर सेंट्रल-मदुरई विशेष ट्रेन के अतिरिक्त फेरे संचालित करने का निर्णय लिया है. भोपाल मंडल होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 01925/01926 के अतिरिक्त फेरों से यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी.**



गाड़ी संख्या 01925 कानपुर सेंट्रल-मदुरई विशेष ट्रेन 5 अगस्त से 26 अगस्त 2026 तक प्रत्येक बुधवार को संचालित होगी. इस अवधि में ट्रेन के कुल चार फेरे होंगे. ट्रेन कानपुर सेंट्रल से सुबह 8:10 बजे रवाना होगी.

वापसी में गाड़ी संख्या 01926 मदुरई-कानपुर सेंट्रल विशेष ट्रेन 8 अगस्त से 29 अगस्त तक प्रत्येक शनिवार को चलेगी. इसके भी कुल चार फेरे निर्धारित किए गए हैं. ट्रेन मदुरई से रात 2:30 बजे रवाना होगी.

यह विशेष ट्रेन दोनों दिशाओं में पुखरायां, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ललितपुर, बीना, भोपाल, इटारसी, नागपुर, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, रामगुंडम, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा, तेनाली, ओंगोल, नेल्लोर, गुडूर, रेनिगुंटा, काटपडी, जोलारपेट्टई, सालेम, नमक्कल, करूर और डिंडीगुल समेत विभिन्न स्टेशनों पर ठहरेगी.

> रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेन की समय-सारिणी और आरक्षण की स्थिति की पुष्टि अवश्य कर लें. अतिरिक्त फेरों का संचालन त्योहारी एवं यात्रा सीजन में बढ़ी भीड़ को देखते हुए यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण राहत माना जा रहा है.

# निगमायुक्त सविता प्रधान ने सिर मुंडवाने पर तोड़ी चुप्पी

**सिंगरौली, 2 अगस्त. पिछले 24 घंटे से ननि आयुक्त सविता प्रधान का सिर मुंडवाने का निर्णय सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है. तरह-तरह की अटकलों के बीच अब उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर अपने निर्णय के पीछे की सोच स्पष्ट की है.**



आयुक्त ने कहा कि यह फैसला किसी दुख, बीमारी या पारिवारिक संकट की वजह से नहीं, बल्कि पूरी तरह उनकी स्वेच्छा और आत्मसंतुष्टि का परिणाम है. उन्होंने लिखा कि लोग उनके बाल हटाने पर जितना आश्चर्य जता रहे हैं, वह समाज की उस मानसिकता को दर्शाता है, जिसमें महिलाओं की सुंदरता को केवल लंबे बालों से जोड़कर देखा जाता है. उन्होंने सवाल उठाया कि यदि पुरुष प्राकृतिक रूप से गंजे हो जाएं तो समाज उसे सहज स्वीकार कर लेता है, लेकिन किसी महिला के बिना बाल होने पर लोग असहज हो जाते हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने अपने बाल पूरी तरह स्वेच्छा से उतरवाए हैं.

# युवक की हत्या के बाद लगाया जाम

**भिण्ड.** मध्य प्रदेश के भिण्ड शहर के लक्ष्मी नगर में पुरानी रंजिश के कारण तलवार और चाकू से किए गए जानलेवा हमले में घायल युवक की ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई. मौत की खबर मिलते ही परिजनों और मोहल्ले के लोगों में आक्रोश फैल गया. पोस्टमार्टम के बाद शव भिण्ड पहुंचने पर लोगों ने उसे हाथ ठेले पर रखकर सिटी कोतवाली के सामने प्रदर्शन किया और इसके बाद भिण्ड-ग्वालियर बाईपास पर कुछ देर के लिए जाम लगा दिया. पुलिस अधिकारियों के समझाने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ.

# चोरी के 122 वाहन बरामद किए पुलिस ने

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 2 अगस्त. प्रदेश में संपत्ति संबंधी अपराधों और वाहन चोरी पर अंकुश लगाने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिछले तीन सप्ताह में 122 चोरी के वाहन बरामद किए गए हैं. 116 मोटरसाइकिल, चार ट्रैक्टर, एक पिकअप वाहन और एक कार शामिल हैं. कार्रवाई के दौरान कई आरोपियों को गिरफ्तार कर संगठित वाहन चोर गिरोहों का भी भंडाफोड़ किया गया.**



सबसे बड़ी सफलता खरगोन पुलिस को मिली, जिसने अंतरजिला मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया. आरोपियों की निशानदेही पर करीब 50 लाख रुपये मूल्य की 51 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं. ये वाहन खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, महू और हरदा क्षेत्रों से चोरी किए गए थे. जांच में सामने आया कि गिरोह पुराने अथवा क्षतिग्रस्त लॉक वाले वाहनों को भीड़भाड़ वाले स्थानों से कुछ ही मिनटों में चुराकर ग्रामीण इलाकों में कम कीमत पर बेच देता था. इसके अलावा छतरपुर से 21, सिंगरौली से 9, गुना से 7, मंदसौर से 5, शाजापुर से 5, दतिया से 4, राजगढ़ से एक पिकअप सहित 7 वाहन, सागर से 4 ट्रैक्टर, भिंड से एक कार तथा जीआरपी इंदौर द्वारा 4 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं.

# सीपीसीटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 2 अगस्त. केंद्रीय प्रबंध समिति द्वारा प्रदेश भर के योग्यताधारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए एक बैठक आयोजित की गई.**



जिसमें मुख्य रूप से चतुर्थ श्रेणी से सहायक ग्रेड-3 पद पर पदोन्नति के लिए सीपीसीटी परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने और कंप्यूटर दक्षता परीक्षा का विकल्प देने की मांग पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वर्ष 2013, 2015 और 2019 में जारी सीपीसीटी अनिवार्यता संबंधी आदेश केवल सीधी भर्ती और नई नियुक्तियों के लिए लागू होते हैं। चतुर्थ श्रेणी से सहायक ग्रेड-3 पद पर पदोन्नति के संबंध में ऐसा कोई अलग से स्पष्ट आदेश जारी नहीं किया गया है. वहीं वर्तमान में मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2025 के नए पदोन्नति नियम जारी किए गए हैं। इसके तहत कुछ विभागों में कर्मचारियों को पदोन्नति देकर दो या तीन साल के भीतर सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन अब उन कर्मचारियों को पद से हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जबकि अधिकांश विभागों में पदोन्नति की प्रक्रिया ही रोक दी गई है। जिसको लेकर कर्मचारियों का कहना है कि पिछले 12 वर्षों से पदोन्नति न मिलने के कारण कई कर्मचारियों की उम्र 50 से 55 वर्ष के बीच हो चुकी है। इस उम्र में सीपीसीटी जैसी कठिन परीक्षा उत्तीर्ण करना व्यावहारिक रूप से चुनौतीपूर्ण है। इसलिए सीपीसीटी की अनिवार्यता के स्थान पर एक वर्ष का कंप्यूटर दक्षता प्रमाण पत्र या परीक्षा का विकल्प दिया जाना चाहिए, ताकि कर्मचारी पदोन्नति के एक वर्ष के भीतर यह दक्षता हासिल कर जमा कर सकें.

> बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 3 अगस्त को सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भोपाल दक्षिण-पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी से मुलाकात करेंगे। कर्मचारी उनसे आग्रह करेंगे कि वे मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से चर्चा कर इस समस्या का स्थायी निराकरण करवाएं। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई, तो निश्चित तिथि तय कर मंत्रालय का घेराव किया जाएगा.

# अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत

**खरगोन/बड़वानी 02 अगस्त मध्यप्रदेश के खरगोन और बड़वानी जिलों में शनिवार देर रात हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक बीबीए छात्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.**

पहला हादसा खरगोन जिले के कसरावद थाना क्षेत्र के सेलानी बायपास पर हुआ, जहां कार और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक कार में फंसकर कुछ दूर तक घिसटती चली गई और घर्षण के कारण उसमें आग लग गई. हादसे के बाद कार भी सड़क से नीचे उतरकर झाड़ियों में जा फंसी.

कसरावद थाना प्रभारी इंद्रेश त्रिपाठी ने बताया कि टक्कर के प्रभाव से दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई. मृतकों की पहचान जयंत वर्मा (खरगोन), वह खरगोन के एक कार शोरूम में सेल्स मैनेजर थे, तथा लकी सोनगिरे गुजरात में बीबीए की पढ़ाई कर रहे थे, के रूप में हुई है. दोनों युवक पर्यटन स्थल जामगेट घूमकर खरगोन लौट रहे थे.

# कोचिंग पढ़ाने वाले शिक्षकों की दावेदारी रद्द

## राज्य शिक्षक पुरस्कार 2026 : 90 प्रतिशत ई-उपस्थिति अनिवार्य

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 2 अगस्त. मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार 2026 को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं. नए नियमों के अनुसार, ट्यूशन या प्राइवेट कोचिंग पढ़ाने वाले शिक्षकों को इस बार पुरस्कार की पात्रता से बाहर कर दिया गया है.**

स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन

विभाग ने पारदर्शिता और अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर न्यूनतम 90 प्रतिशत ई-उपस्थिति अनिवार्य कर दी है. जो शिक्षक इस शर्त को पूरा नहीं करेंगे, वे आवेदन या नामांकन के पात्र नहीं होंगे. बता दें राज्य सरकार हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले शिक्षकों को इस सम्मान से नवाजती है. जिसके लिए मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध शासकीय, स्थानीय निकाय, अनुदान प्राप्त और मॉडल स्कूलों में पदस्थ नियमित प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल और उच्चतर माध्यमिक शिक्षक ही आवेदन कर सकते हैं. आवेदन करने वाले शिक्षक की न्यूनतम सेवा अवधि 10 वर्ष होना अनिवार्य है. वहीं पात्र शिक्षक 10 अगस्त तक अपना आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं. आवेदनों की जांच और स्क्रूटनी के लिए जिला और राज्य स्तर पर अलग-अलग समितियों का गठन किया जाएगा. पारदर्शी चयन प्रक्रिया के बाद अंतिम रूप से चुने गए पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा 31 अगस्त को की जाएगी.

> **इन्हें नहीं मिलेगा लाभ**
>
> सेवानिवृत्त शिक्षक, शैक्षणिक प्रशासक, शिक्षा निरीक्षक, प्रशिक्षण संस्थानों के शिक्षक, जनशिक्षक, संविदा शिक्षक, अतिथि शिक्षक, छात्रावास अधीक्षक और निजी स्कूलों के शिक्षक इस पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे.

# तोमर के बयान की कुशवाह समाज ने की निंदा

**मुरैना, 02 अगस्त. विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा शनिवार को मुरैना में कुशवाह समाज के एक कार्यक्रम में दिए गए बयान कि कुशवाह समाज 'इधर-उधर गुलाटी मारता है जिससे उसकी विश्वसनीयता खंडित हुई है का वीडियो शोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है.**



वीडियो वायरल होने बाद श्री तोमर के बयान की समाज और राजनीतिक नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई. पूर्व विधायक सोनेराम कुशवाह ने पलटवार किया है, जबकि स्थानीय भाजपा नेताओं ने इसे कार्यकर्ता-विशेष का बताकर बचाव किया. पूर्व विधायक सोनाराम कुशवाह ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि समाज के कुछ व्यक्ति दलगत हो सकते हैं, लेकिन पूरा समाज नहीं, समाज को भाजपा के किसी भी प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है.

बैठकें | डॉ. मुकेश नायक ने सोनागिरि में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित किया

# जन-जन तक कांग्रेस की विचारधारा पहुंचाने पर जोर

विशेष संवाददाता

**शिवपुरी, 2 अगस्त. वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. मुकेश नायक ने रविवार को शिवपुरी और दतिया जिले के सोनागिरि में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में संगठन को मजबूत बनाने तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया.**



शिवपुरी प्रवास के दौरान प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख डॉ. मुकेश नायक ने अंतरराष्ट्रीय जानकी सेना संगठन द्वारा आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में भाग लेते हुए सामाजिक जागरूकता और रचनात्मक जनभागीदारी की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए जनचेतना और सकारात्मक सहभागिता अत्यंत आवश्यक है. इसके बाद वे दतिया जिले के सोनागिरि पहुंचे, जहां ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के वार्ड, ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों तथा संगठन पदाधिकारियों के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित किया. प्रशिक्षण शिविर में संगठनात्मक मजबूती, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और आगामी राजनीतिक अभियानों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई.

> **मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का आह्वान किया**
>
> डॉ. मुकेश नायक ने कहा कि कांग्रेस जनता के बीच लगातार संवाद स्थापित कर अपनी विचारधारा और मूल्यों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से आमजन के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का आह्वान किया. प्रशिक्षण शिविर में विधायक सतीश सिकरवार, पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक डांगी, पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, वरिष्ठ नेता अवधेश नायक, राम पांडे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# लापता मजदूर का शव तालाब में मिला

**आगरमालवा.** मध्यप्रदेश में आगरमालवा के बड़ौद पुलिस थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मदकोटा के तालाब में एक लापता मजदूर का शव मिला है. पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान शिवसिंह (50) पुत्र सुलतान सिंह निवासी ग्राम लोहारिया, पुलिस थाना डग, जिला झालावाड़ (राजस्थान) के रूप में हुई है. वह ग्राम पिपलिया हमीर में नागूसिंह पुत्र गंगाराम के यहां मजदूरी करता था. नागू सिंह ने 31 जुलाई को शिवसिंह की गुमशुदगी की रिपोर्ट बड़ौद थाने में दर्ज कराई थी. कल शाम को ग्रामीणों ने मदकोटा तालाब में एक शव देखा तथा तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी. जिले की बड़ौद पुलिस मौके पर पहुंची.

शेष पेज एक का

### जमीन विवाद में दो भाइयों की मौत

दोनों घायलों को गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर किया गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया. दोनों मृतकों के भाई रिंकू गुर्जर पुत्र रामजीलाल गुर्जर ने चचेरे भाई नत्थो उर्फ नाथूराम, छोटे सिंह, सचिन, राहुल, सुमित, सत्यपाल, लवकुश, गोलू सहित छह अज्ञात लोगों पर फायरिंग कर हत्या की घटना को अंजाम दिए जाने के आरोप लगाए है. रिंकू ने घटना में दर्जनभर से अधिक लोगों के शामिल होने की बात कही है.

### सुरक्षित और पारदर्शी परीक्षा की तैयारी

उन्होंने कहा कि परीक्षा से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा किया जाना चाहिए और सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से प्रसारित अपुष्ट सूचनाओं के झांसे में नहीं आना चाहिए. नड्डा ने कहा कि परीक्षा की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत और बहु-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है. इसके साथ ही आधुनिक तकनीकी उपायों के जरिए परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी और सुरक्षा को मजबूत किया गया है. स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष की परीक्षा को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और अभ्यर्थी-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से कई तकनीक आधारित सुधार और सुविधाएं लागू की गई हैं. इन उपायों का लक्ष्य देशभर के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा प्रक्रिया को सुगम, सुरक्षित और भरोसेमंद बनाना है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14